**भारत सरकार**
**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय**
**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या: 911**
**दिनांक 29 नवंबर, 2024 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर**

**एकीकृत सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रयोगशाला**

**911. श्री लावू श्रीकृष्णा देवरायालू:**
**डॉ. कडियम काव्य:**
**श्री डग्गुमल्ला प्रसादा राव:**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) पीएम-एबीएचआईएम योजना के अंतर्गत कितनी एकीकृत सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रयोगशालाएं स्थापित की गई हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार, विशेष रूप से आंध्र प्रदेश में ब्यौरा क्या है;

(ख) देश भर में एकीकृत सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रयोगशालाओं के लिए आवंटित धनराशि का राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार और जिला-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने इस पहल की प्रभावकारिता निर्धारित करने के लिए कोई अध्ययन कराया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या यह मानक है कि इस योजना के अंतर्गत प्रत्येक जिले में एक एकीकृत सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रयोगशाला होनी चाहिए और यदि हां, तो आंध्र प्रदेश में नवगठित जिलों सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) क्या आंध्र प्रदेश राज्य के लिए नई सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रयोगशालाएं स्वीकृत की जाएंगी और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री**

**(श्री प्रतापराव जाधव)**

(क) से (ङ) प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन (पीएम-एबीएचआईएम) कुछ केंद्रीय क्षेत्र घटकों (सीएस) के साथ एक केंद्रीय प्रायोजित योजना (सीएसएस) है जिसकी योजना अवधि (2021-22 से 2025-26) के लिए 64,180 करोड़ रुपये का परिव्यय है।

इस योजना में स्वास्थ्य अनुसंधान सहित स्वास्थ्य सेवा वितरण और जन स्वास्थ्य कार्रवाई को एकीकृत और मजबूत करने के लिए सुधारों की एक नई पीढ़ी की परिकल्पना की गई है ताकि समुदाय ऐसी महामारी या स्वास्थ्य संबंधी संकट के प्रबंधन में आत्मनिर्भर हों। इस योजना के तहत उपायों का उद्देश्य स्वास्थ्य प्रणालियों और संस्थानों को मजबूत करना है ताकि प्राथमिक, माध्यमिक और विशिष्ट सभी स्तरों पर परिचर्या की निरंतरता प्रदान की जा सके, साथ ही वर्तमान और भविष्य की महामारियों और आपदाओं का प्रभावी ढंग से प्रबंधन करने के लिए स्वास्थ्य प्रणालियों को तैयार किया जा सके।

इस योजना के सीएसएस घटकों के तहत, निम्नलिखित पांच कार्यकलाप हैं जहां योजना अवधि (2021-2026) के दौरान राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को सहायता प्रदान की जाती है:

- आयुष्मान भारत- स्वास्थ्य और आरोग्य केन्द्र जो अब आयुष्मान आरोग्य मंदिर (एएएम) के नाम से जाने जाते है, के रूप में 17,788 भवन विहीन उप-केन्द्रों का निर्माण
- शहरी क्षेत्रों में 11,024 स्वास्थ्य और आरोग्य केंद्रों (एएएम) की स्थापना की परिकल्पना की गई है, जिसमें स्लम और स्लम जैसे क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया गया है।
- ब्लॉक स्तर पर 3382 ब्लॉक जन स्वास्थ्य इकाइयों (बीपीएचयू) की स्थापना,
- देश **में 730 जिला एकीकृत जन स्वास्थ्य प्रयोगशालाओं** की स्थापना, **जिसमें प्रत्येक जिले में ऐसी एक प्रयोगशाला होगी।**
- 5 लाख से अधिक आबादी वाले सभी जिलों में 602 क्रिटिकल केयर अस्पताल ब्लॉकों की स्थापना।

वित्तीय वर्ष 2021-22, 2022-23, 2023-24 और 2024-25 के लिए जिला स्तर पर 504 आईपीएचएल की स्थापना/सुदृढ़ीकरण के लिए **898.86 करोड़ रुपए** की राशि के लिए राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को प्रशासनिक मंजूरी दी गई है। चार वर्षों (यानी वित्तीय वर्ष 2021-22, 2022-23, 2023-24 और 2024-25) के लिए पीएम-एबीएचआईएम के सीएसएस के तहत राज्यों/ संघ राज्य क्षेत्रों को दी गई मंजूरी के साथ प्रदान की गई सहायता का विवरण **अनुलग्नक-I** में दिया गया है।

इस योजना के अंतर्गत, 45 यू-एचडब्ल्यूसी (एएएम), 13 आईपीएचएल और 13 सीसीबी की स्थापना और सुदृढ़ीकरण के लिए योजना अवधि के दौरान आंध्र प्रदेश राज्य के लिए **1271.24 करोड़ रुपए** की राशि का प्रदान की गई है।

राज्य के प्रस्ताव के अनुसार, 1786 भवन रहित एएएम (उप-केंद्र - स्वास्थ्य और आरोग्य केंद्र), 45 यू-एएएम (एचडब्ल्यूसी), 23 आईपीएचएल और 16 सीसीबी के निर्माण/सुदृढ़ीकरण के लिए **1023.62 करोड़ रुपए** राशि के लिए चार वर्षों (यानी वित्त वर्ष 2021-22, 2022-23, 2023-24 और 2024-25) के लिए आंध्र प्रदेश राज्य को प्रशासनिक मंजूरी दी गई है। अप्रैल 2022 से आंध्र प्रदेश में 13 नए जिलों के निर्माण के साथ जिलों के 13 से 26 तक पुनर्गठन के कारण राज्य के प्रस्ताव के अनुसार **अतिरिक्त 13 आईपीएचएल (अनुलग्नक-II)** को मंजूरी दी गई।

प्रत्येक जिले में **जिला आईपीएचएल** स्थापित करने की परिकल्पना की गई है। आईपीएचएल के लिए विस्तृत दिशा-निर्देश नीचे दिए गए लिंक में दिए गए हैं:

https://nhsrcindia.org/sites/default/files/Guidelines%20on%20integrated%20public%20health%20laboratories.pdf

अनुलग्नक-I

चार वर्षों (अर्थात वित्त वर्ष 2021-22,2022-23, 2023-24 और 2024-25) में एकीकृत सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रयोगशालाओं के लिए राज्यवार अनुमोदन (आईपीएचएल)

| क्र. सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | अनुमोदन वित्तीय वर्ष 2021-25 (4 वर्ष.) | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | योजना अवधि के लिए लक्ष्य (वित्तीय वर्ष 2021-26) | कुल इकाई 4 वर्षों के लिए स्वीकृत | योजना अवधि के लिए कुल आवंटन (वित्तीय वर्ष 2021-26) | 4 वर्षों के लिए स्वीकृत कुल राशि (करोड़ रुपए में) |
| 1 | अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह | 3 | 3 | 6.69 | 3.75 |
| **2** | **आंध्र प्रदेश** | **13** | **23** | **27.04** | **37.57** |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 22 | 14 | 43.20 | 26.33 |
| 4 | असम | 33 | 24 | 67.74 | 36.37 |
| 5 | बिहार | 38 | 12 | 78.89 | 15.00 |
| 6 | चंडीगढ़ | 1 | 0 | 1.25 | 0.00 |
| 7 | छत्तीसगढ | 28 | 21 | 58.55 | 39.49 |
| 8 | दादरा और नागर हवेली | 3 | 0 | 3.75 | 0.00 |
| 9 | दिल्ली | 11 | 0 | 21.60 | 0.00 |
| 10 | गोवा | 2 | 0 | 2.50 | 0.00 |
| 11 | गुजरात | 33 | 24 | 67.74 | 44.70 |
| 12 | हरियाणा | 22 | 14 | 43.20 | 26.32 |
| 13 | हिमाचल प्रदेश | 12 | 7 | 22.85 | 12.67 |
| 14 | जम्मू एवं कश्मीर | 20 | 14 | 40.70 | 26.33 |
| 15 | झारखंड | 24 | 17 | 48.64 | 30.57 |
| 16 | कर्नाटक | 30 | 21 | 61.05 | 39.49 |
| 17 | केरल | 14 | 10 | 28.29 | 18.38 |
| 18 | लद्दाख | 2 | 2 | 2.50 | 2.50 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 19 | लक्षद्वीप | 1 | 1 | 1.25 | 1.25 |
| 20 | मध्य प्रदेश | 55 | 39 | 112.90 | 60.03 |
| 21 | महाराष्ट्र | 36 | 25 | 73.45 | 45.48 |
| 22 | मणिपुर | 15 | 11 | 31.50 | 21.11 |
| 23 | मेघालय | 10 | 7 | 20.35 | 13.16 |
| 24 | मिजोरम | 10 | 7 | 20.35 | 13.16 |
| 25 | नागालैंड | 11 | 7 | 21.60 | 13.16 |
| 26 | ओडिशा | 30 | 21 | 61.05 | 39.20 |
| 27 | पुदुचेरी | 4 | 3 | 7.94 | 5.22 |
| 28 | पंजाब | 22 | 14 | 43.20 | 26.33 |
| 29 | राजस्थान | 33 | 24 | 67.74 | 42.98 |
| 30 | सिक्किम | 3 | 3 | 6.69 | 5.22 |
| 31 | तमिलनाडु | 38 | 28 | 78.89 | 52.66 |
| 32 | तेलंगाना | 33 | 24 | 67.74 | 44.72 |
| 33 | त्रिपुरा | 7 | 4 | 13.66 | 6.94 |
| 34 | उत्तर प्रदेश | 75 | 53 | 153.59 | 103.76 |
| 35 | उत्तराखंड | 13 | 10 | 27.04 | 13.48 |
| 36 | पश्चिम बंगाल | 23 | 17 | 47.39 | 31.54 |
| | कुल | **730** | **504** | **1482.51** | **898.86** |

**अनुलग्नक-II**

**13** नए आईपीएचएल की सूची – आंध्र प्रदेश

| क्र. सं. | जिला | आईपीएचएल |
|---|---|---|
| 1 | एएसआर | अराकू क्षेत्र अस्पताल |
| 2 | अनंतपुर | गुंतकल क्षेत्र अस्पताल |
| 3 | बापतला | चिराला क्षेत्र अस्पताल |
| 4 | चित्तूर | पालमनेर क्षेत्र अस्पताल |
| 5 | पूर्वी गोदावरी | अनापर्थी क्षेत्र अस्पताल |
| 6 | एलुरु | जंगारेड्डीगुडेम क्षेत्र अस्पताल |
| 7 | काकीनाडा | तुनी क्षेत्र अस्पताल |
| 8 | नांदयाल | बनगनपल्ली क्षेत्र अस्पताल |
| 9 | एनटीआर | नंदीगामा क्षेत्र अस्पताल |
| 10 | पलंडू | नरसरावपेटा क्षेत्र अस्पताल |
| 11 | पार्वतीपुरम मान्यम | सीथमपेटा क्षेत्र अस्पताल |
| 12 | तिरुपति | गुडूर क्षेत्र अस्पताल |
| 13 | विशाखापत्तनम | अगनमपुडी क्षेत्र अस्पताल |

*****